113

MAHD–02

December – Examination 2020

M.A. (Previous) Examination

HINDI

(Adhunik Kavya)

आधुनिक काव्य

Paper : MAHD-02

*Time : **2** Hours*] [*Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न–पत्र 'अ' और 'ब' दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार, एक वाक्य, एक शब्द या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1. (i) मैथिलीशरण गुप्त की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

   (ii) कुरुक्षेत्र का प्रतिपाद्य लिखिए।

   (iii) 'मिलन यामिनी' की भावभूमि संक्षिप्त में लिखिए।

(iv) महादेवी वर्मा द्वारा रचित दो काव्य-कृतियों के नाम बताइए।

(v) मानवीकरण किसे कहते हैं ?

(vi) सुमित्रानन्दन पंत को किस कविता-संग्रह पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?

(vii) 'मैं अकेला' नामक कविता का मूल भाव बताइए।

(viii) नागार्जुन को प्रगतिशील विचारों का कवि क्यों कहा जाता है ?

खण्ड—ब 4×16=64

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अन्य होंगे चरन हारे
और जो हैं लौटते, दे शूल को संकल्प सारे,
दु:खवती निर्माण उन्मद, यह अमरता नापते पद,
बाँध देंगे-संसृति से तिमिर में स्वर्ण-बेला
दूसरी होगी कहानी,
शून्य में जिसके मिटे स्वर, धूलि में खोयी निशानी।

3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अरी उपेक्षा भरी उभरते! री अतृप्ति ! निर्बाध विलास।
दुविधा-रहित अपलक नयनों की भूख भरी दर्शन की प्यास।
बिछुड़े तेरे सब आलिंगन, पुलक स्पर्श का पता नहीं,
मधुमय चुंबन कातरतायें, आज न मुझको सता रही।

4. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अपाहिज व्यथा को वहन कर रहा हूँ,
तुम्हारी कहन थी, कहन कर रहा हूँ।
ये दरवाजा खोलो तो खुलता नहीं है
इसे तोड़ने का जतन कर रहा हूँ।
अँधेरे में कुछ जिन्दगी होम कर दी
उजाले में अब ये हवन कर रहा हूँ।

5. महादेवी वर्मा के काव्य की विकास यात्रा को समझाइये।

6. निराला के काव्य में विद्यमान सांस्कृतिक चेतना को स्पष्ट कीजिए।

7. नयी कविता आन्दोलन में रघुवीर सहाय के कर्मक्षेत्र को उद्घाटित कीजिए।

8. दिनकर की व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

9. नरेन्द्र शर्मा के काव्य में मानव-प्रेम किस प्रकार अभिव्यक्त हुआ है ? समझाइए।